प्रदेश में हर मौसम में पर्यटन की अपार संभावनाएं : दुर्गा शंकर

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अवसरों और संभावनाओं की भूमि है। आज हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले पायदान पर हैं लेकिन इनबाउंड पर्यटन के मामले में हमें और ऊपर जाने की आवश्यकता है। सभी हितधारकों के ठोस प्रयासों से इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। वह सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'पर्यटन विकासः संभावनाएं एवं सिद्धि' विषयक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

वहीं, पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि विदेशी पर्यटक आम तौर पर अनुभवात्मक पर्यटन की तलाश में रहते हैं। बेहतर अनुभव मिलने पर वो बार-बार हमारे राज्य की ओर

विभाग और होटल व्यवसायी लखनऊ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आए साथ

आकर्षित होंगे और अपने देश वापस जाएंगे तो हमारे ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम में बौद्ध स्थलों पर आधारित फिल्म प्रस्तुति, प्रदेश में देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के उपायों पर चर्चा, गंगा सर्किट पर आधारित फिल्म की प्रस्तुति, पर्यटन पर आधारित फिल्म की प्रस्तुति हुई। इस दौरान ईशा प्रिया विशेष सचिव, पर्यटन, प्रखर मिश्रा, निदेशक पर्यटन एवं अध्यक्ष, यूपी होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुरेंद्र कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे। ब्यूरो